यूपी पुलिस में इस वर्ष 81 हजार से अधिक भर्तियां होंगी : योगी

जॉब्स

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहा है। इस एक वर्ष में यूपी पुलिस में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह भर्ती अभियान युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ ही प्रदेश को ऊर्जावान और आधुनिक पुलिस बल उपलब्ध कराएगा।

मुख्यमंत्री गुरुवार देर रात पुलिस विभाग के विभिन्न इकाइयों की जारी गतिविधियों और भावी कार्ययोजना की व्यापक समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आधुनिक तकनीक और सक्षम मानव संसाधन पर समान रूप से ध्यान देना होगा। बैठक में बताया गया कि उपनिरीक्षक, आरक्षी सिविल पुलिस, रेडियो सहायक परिचालक, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए और पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) सहित 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रस्तावित है। कुछ की प्रक्रिया प्रारंभ भी हो गई है। मुख्यमंत्री ने पुलिस रिस्पांस व्हीकल की रणनीतिक लोकेशन तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान में छह मिनट के औसत रिस्पांस टाइम को और कम करने के भी निर्देश दिए।

भूमाफिया पर कार्रवाई करें P02

'हटाए जाएं लंबे समय से जमे पुलिस कर्मी'

मुख्यमंत्री ने राजभवन, मुख्यमंत्री आवास एवं पुलिस मुख्यालय सहित महत्वपूर्ण स्थलों पर लंबे समय से तैनात पुलिस कार्मिकों के स्थानांतरण के निर्देश देते हुए कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और नई ऊर्जा बनाए रखने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हर जनपद में कम से कम एक हाइड्रोलिक फायर टेंडर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए।